सरदार पटेल ने देश के झण्डे को बुलंद किया : प्रभारी मंत्री

सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती पर सरदार 150 यूनिटी मार्च एकता पदयात्रा

नवभारत न्यूज

शिवपुरी, 12 नवम्बर। जिले के प्रभारी एवं ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के मुख्य आतिथ्य में सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती पर शिवपुरी में बुधवार को भव्य एकता पदयात्रा का आयोजन किया गया। यह पदयात्रा ग्वालियर बायपास से शुरू होकर कमलागंज, माधव चौक, गुरुद्वारा रोड, राजेश्वरी रोड होते हुए अमर शहीद तात्याटोपे समाधि स्थल पर पहुंचकर संपन्न हुई। इस मौके पर ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने अमर शहीद तात्याटोपे की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। अमर शहीद तात्याटोपे पार्क में आमसभा को संबोधित किया।

जिले के प्रभारी एवं ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल के द्वारा भारत देश को श्रेष्ठ भारत के रूप में स्थापित करने में एक महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने देश के झण्डे को बुलंद करने का काम किया है।

उन्होंने कहा कि देश आजादी के पूर्व 562 से अधिक रियासतों में बंटा हुआ था, जिसे सरदार वल्लभभाई पटेल ने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति के बल पर एक सूत्र में जोड़कर एक भारत, श्रेष्ठ भारत की नींव रखी है। विधायक शिवपुरी देवेंद्र जैन ने कहा कि जो सरदार वल्लभभाई पटेल के बारे में जानकारी नहीं रखते है, मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि सरदार वल्लभभाई पटेल एक किसान के बेटे थे। भारत के अंदर स्थित जूनागढ और हैदराबाद जैसी अनेक रियासतों को मिलाकर एक भारत श्रेष्ठ भारत बनाया। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को भी उनके पदचिन्हों पर चलकर उनके आदर्शों को अपनाना चाहिए। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष जसमंत जाटव, जिला पंचायत अध्यक्ष नेहा यादव, नगर पालिका अध्यक्ष गायत्री शर्मा, सांसद प्रतिनिधि हरओम राठौर, प्रदेश कार्यकारणी सदस्य हरवीर रघुवंशी, पूर्व विधायक प्रहलाद भारती, पूर्व जिलाध्यक्ष राजू बाथम, कलेक्टर रविन्द्र कुमार चौधरी, पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़, जिला पंचायत सीईओ विजय राज, कार्यक्रम जिला संयोजक शिवम दुबे, सह संयोजक सोनू राजावत सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण, गणमान्य नागरिक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सरदार बल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस दौरान सभी उपस्थित जनों को एकता एवं नशामुक्ति की शपथ भी दिलाई गई।

वार्ड क्रं . 20 में शहर की स्वच्छता व्यवस्था का भी किया निरीक्षण

ऊर्जा मंत्री एवं शिवपुरी जिले के प्रभारी मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बुधवार को शिवपुरी नगर के वार्ड क्रमांक 20 का दौरा कर स्वच्छता एवं नगरीय सेवाओं की स्थिति का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्थानीय नागरिकों से बातचीत कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली और त्वरित समाधान हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं वार्ड पार्षद सहित नागरिकगण उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान प्रभारी मंत्री ने शहर की साफ-सफाई, सड़क, नाली एवं नाले की स्थिति का जायजा लिया। नागरिकों द्वारा छोटा लुहारपुरा क्षेत्र में सफाई संबंधी समस्याएँ बताई जाने पर मंत्री तोमर ने संबंधित अमले को तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने गुरुद्वारा रोड स्थित लुहारपुरा पुलिया के निकट बने ट्रांसफार्मर के आसपास फैली गंदगी देखकर सफाई कराने और नागरिकों की सुरक्षा हेतु सुरक्षा कवच लगाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को प्रदान किए। मंत्री तोमर ने कहा कि आमजन की प्राथमिक सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने मुख्य नगर पालिका अधिकारी शिवपुरी से कहा कि वार्डों में नियमित सफाई सुनिश्चित करें, जिससे गंदगी फैलने की स्थिति न बने।

आस्था व श्रद्धा का केन्द्र बना विष्णु मंदिर

तुलसी विवाह, अन्नकूट प्रसाद सहित हुए अनेकों धार्मिक आयोजन, गुरूवार को उमड़ा है श्रद्धा का सैलाब

नवभारत न्यूज

शिवपुरी, 12 नवम्बर। शहर के मध्य अति प्राचीन श्रीविष्णु मंदिर धार्मिक आस्था व श्रद्धा का केन्द्र बना हुआ है, यहां आने वाले श्रद्धालुओं के लिए एक ओर जहां भगवान श्रीहरि विष्णु, ब्रह्म और माता लक्ष्मी के दर्शन लाभ कर धर्मलाभ प्राप्त करते है तो वहीं मंदिर के श्रद्धालुओं के लिए भगवान श्रीहरि विष्णु की कथा वृतान्त एवं पूजन विधि मंदिर महंत श्री सुमत कुमार भार्गव के द्वारा अपनी ओजस्वी वाणी में जहां देवोत्थान एकादशी के अवसर पर तुसील विवाह का वृतान्त श्रवण कराया तो वहीं प्रति गुरूवार को श्रीहरि विष्णु की पूजा विधि एवं कथा का श्रवण श्रद्धालुओं को कराया जाता है ताकि हरेक श्रद्धालु विधिवत भगवान की पूजा-अर्चना कर सके। इस दौरान मंदिर महंत के सुपुत्र दीपक भार्गव के द्वारा भी मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए मंदिर परिसर में सभी प्रकार के संसाधन उपलब्ध कराए गए है जिसमें जल, पूजन सामग्री, केले का पूजन सहित गरीब-निर्धन निराश्रितों को पृथक-पृथक बैठक व्यवस्थाओं के माध्यम से उन्हे प्रसाद का लाभ दिया जाता है। श्रीहरि विष्णु मंदिर पर प्रति गुरूवार को श्रद्धा का सैलाब उमड़ता है जहां मंगला आरती के पश्चात भगवान श्रीहरि के दर्शन के लिए धर्मप्रेमीजन सपरिवार पहुंचते है तो वहीं दांपत्त जोड़ों को भी प्रभु का आर्शीवाद मिलता है और नव युवक-युवती, शहर के व्यापारिक संस्थान के व्यापारी, नगर के गणमान्य नागरिक, समाजसेवी, जनप्रतिनिधि, मीडिया बन्धु आदि सहित दूर-दराज से भी श्रीहरि भक्तगण विष्णु मंदिर पहुंचकर दर्शन लाभ लेते हुए अपने जीवन को कृतार्थ करते है। इसी क्रम में प्रति गुरूवार भांति एक बार फिर से श्रद्धा का केन्द्र श्रीहरि विष्णु मंदिर बनेगा और यहां श्रद्धालु अपनी-अपनी श्रद्धा अनुसार पूजन-सामग्री व दान-दक्षिणा देकर धर्मलाभ प्राप्त करेंगें।

शासकीय भूमि पर कोई भी व्यक्ति अतिक्रमण न करें वरना होगी सख्त कार्यवाही

शिवपुरी, 12 नवम्बर। शासकीय भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण सहन नहीं किया जाएगा। बुधवार को पिछोर तहसील की ग्राम पंचायत पटसैरा में खेल मैदान से अवैध कब्जा हटवाया गया। कलेक्टर रविन्द्र कुमार चौधरी के निर्देशन में एसडीएम पिछोर श्रीमती ममता शाक्य के नेतृत्व में राजस्व, पुलिस एवं पंचायत अमले की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुँचकर अतिक्रमण मुक्त कराने की कार्यवाही को अंजाम दिया।ग्राम दुर्गापुर (पिपरौनिया खेड़ा) में ग्राम पंचायत पटसैरा द्वारा मनरेगा योजना से निर्मित खेल मैदान की लगभग पाँच बीघा भूमि पर स्थानीय निवासी धर्मवीर पुत्र मन्नूलाल पाल ने अस्थाई टपरा डालकर तार फेंसिंग कर अतिक्रमण कर रखा था। शिकायतकर्ता मुकेश पाल द्वारा इस संबंध में ग्राम पंचायत तथा एसडीएम कार्यालय को शिकायत प्रस्तुत की गई थी। ग्राम पंचायत द्वारा अतिक्रमणकर्ता को तीन दिवस में कब्जा हटाने की चेतावनी भी दी गई थी, किंतु निर्धारित समयावधि में अतिक्रमण नहीं हटाया गया। इस दौरान अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शिवपुरी एन.एस. नरवरिया एवं तहसीलदार शिवशंकर सिंह गुर्जर ने भी पूर्व में चेतावनी प्रदान की थी।बुधवार को एसडीएम श्रीमती ममता शाक्य ने स्वयं मौके पर पहुँचकर जेसीबी मशीन से अवैध निर्माण एवं तार बाड़ को हटवाया। एसडीएम ने ग्राम पंचायत सचिव अजब सिंह लोधी व ग्राम रोजगार सहायक बृजेश झा को निर्देश दिए कि यदि दो दिवस के भीतर अतिक्रमणकर्ता स्वयं मलबा नहीं हटाता है तो पंचायत स्तर पर उसकी सफाई कराई जाए तथा खर्च की वसूली संबंधित व्यक्ति से की जाए। इसी क्रम में ग्राम पंचायत बडैरा में भी हाई स्कूल भवन के सामने स्थित शासकीय भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया। उक्त भूमि पर ग्राम पंचायत द्वारा नवीन पंचायत भवन का निर्माण आरंभ किया जा रहा था,

स्वर्णकार सर्राफा एसोसिएशन का दीपावली मिलन मना

नवभारत न्यूज

शिवपुरी, 12 नवम्बर। सामाजिक एकता के प्रतीक के रूप में स्वर्णकार सर्राफा एसोसिएशन का भव्य अन्नकूट समारोह

सर्राफा एसोसिएशन अध्यक्ष प्रकाश सोनी ने सभी समाजजनों के किया आभार प्रकट

दीपावली मिलन के रूप में स्थानीय स्वर्ण वाटिका छत्री रोड़ पर गत दिवस संपन्न हुआ। इस अवसर पर सर्राफा एसोसिएशन एवं बजरंग दल के नगर अध्यक्ष व जय बजरंग ज्वैलर्स संचालक समाजसेवी प्रकाश सोनी ने इस भव्य अन्नकूट समारोह में शामिल समस्त सर्राफा एसोसिएशन एवं स्वर्ण समाज के प्रति आभार प्रकट किया कि सभी ने सपरिवार इस आयोजन में शामिल होकर सामाजिक एकता का संदेश दिया और समाज विकास के साथ-साथ सर्राफा एसोसिएशन के माध्यम से स्वर्णकार व्यापार को भी मजबूत किया। इस अवसर पर स्वर्णवाटिका के भवय परिसर में बदलते समय के अनुसार बुफेट (मनचाहा व्यंजन मन मुताबिक) के रूप में अन्नकूट प्रसादी की व्यवस्था की जिसमें गरमागरम कढ़ी के साथ रामभाजे की सब्जी के साथ पूड़ी, चावल, मूंग दाल एवं बाजरे की खीर का सभी ने लुत्फ लिया। इस अवसर पर नगर के अन्य गणमान्य नागरिक, बजरंगदल के कार्यकर्ता, मीडियाकर्मी एवं सर्राफा एसोसिएशन व स्वर्णकार समाज के समाज बन्धुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अन्नकूट प्रसादी ग्रहण की।

चकोर ने 60 एवं 600 मीटर दौड़ में पाया प्रथम स्थान

जीता स्वर्ण पदक बनी चैंपियन, श्रेष्ठ खिलाडियो को किया गया पुरूस्कृत

नवभारत न्यूज

शिवपुरी, 12 नवम्बर। एथेलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एएफआई) की अस्मिता एथेलेटिक्स लीग 2025 (खेल से ही पहचान है) के रूप में खेलो इंडिया की पहल पर टैलेंट सर्च अभियान स्थानीय श्रीमंत माधवराव सिंधिया खेल परिसर में आयोजित किया गया जिसमें प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता का आयोजन भारतीय खेल प्राधिकरण के तत्वाधान में एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव संजय शर्मा के निर्देशन में अस्मिता लीग प्रतियोगिता के रूप में किया गया। प्रतियोगिता में लगभग 130 प्रतिभागी शामिल हुए जिन्होंने अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इसी क्रम में अपनी छोटी सी उम्र में एथलीट के रूप में नाम रोशन करने वाली होनहार पुत्री कुं.चकोर (सुभद्रांगी सिंह) रही जिन्होंने बालिका वर्ग में ट्रायथलॉन कैटिगरी में 60 मीटर एवं 600 मीटर वर्ग प्रतियोगिता में शामिल होकर अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया और दोनों प्रतियोगिताओं में स्वर्ण पदक हासिल किया। इस पूरे आयोजन में चकोर (सुभद्रांगी सिंह)अंडर-14 बालिका वर्ग में ओवरऑल चैंपियन बनी।

एथेलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के सचिव संजय शर्मा ने प्रतियोगिता की जानकारी बारे मे बताया कि भारतीय खेल प्राधिकरण के तत्वाधान में आयोजित अस्मिता लीग एथलीट खिलाडियों की प्रतिभा को निखारने के लिए अस्मिता लीग प्रतियोगिता का आयोजन श्रीमंत माधवराव सिंधिया खेल परिसर में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विजय शर्मा, जिला शिक्षा विभाग के पूर्व खेल अधिकारी महेन्द्र सिंह तोमर, वर्तमान जिला शिक्षा खेल अधिकारी चन्द्रशेखर शर्मा बेमटे, जिला खेल अधिकारी डॉ.के.के.खरे, ओ.पी.शर्मा, महेन्द्र शर्मा, बसंत शर्मा एवं अन्य मौजूद रहे। इस अवसर पर अस्मिता लीग प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाडियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया जिसमें अंडर -14 में सुभद्रांगी सिंह सिकरवार प्रथम एवं आर्या सिंह द्वितीय रहे, । अंडर - 16 में 60 मीटर जूनियर पूर्वा गुर्जर प्रथम, काजल रावत द्वितीय,अवनी विश्वकर्मा तृतीय रही। अन्य विधाओं में विजेता खिलाड़ी सहित सभी विजयी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं मैडल पहनाकर कार्यक्रम के अतिथियों के द्वारा पुरूस्कृत किया गया।इसमें ऑब्जर्बर की भूमिका में एएफआई के लेवल-1 कोच प्रशांत कुमार नामदेव शहडोल जिले से आए। ऑफिशियल की भूमिका में कोच श्री पवन शर्मा एवं मृदुल शर्मा रहे।।इस अवसर पर चकोर (सुभद्रांगी सिंह) के श्रेष्ठ प्रदर्शन पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विजय शर्मा, जिला शिक्षा विभाग के पूर्व खेल अधिकारी महेन्द्र सिंह तोमर, शिक्षा विभाग के वर्तमान खेल अधिकारी चन्द्रशेखर शर्मा बेमटे, ओ.पी.शर्मा, महेन्द्र शर्मा, बसंत शर्मा एवं अन्य अतिथि मौजूद रहे। इस दौरान कुं.चकोर सहित अन्य विजयी प्रतिभागियों को नगर के खेल प्रेमी, एथलीट एसोसिएशन व खेल एवं युवक कल्याण विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों ने बधाईयां शुभकामाऐं प्रेषित कर उज्जवल भविष्य की कामना की।

डिमांड नोटिस

सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फाइनेंशियल एसेट्स एंड इंफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 (उक्त एक्ट) की सेक्शन 13 (2) के तहत जो सिक्योरिटी इंटरेस्ट (इंफोर्समेंट) नियम, 2002 (उक्त नियम) के नियम 3 (1) के सहपठित है . उक्त नियमों के नियम 3 के सहपठित उक्त एक्ट की सेक्शन 13 (12) के तहत प्रदान अधिकारों के पालन में आईआईएफएल होम फाइनेंस लि . (आईआईएफएल एचएफएल) (पूर्व में इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लि .) के प्रा . अधिकारी ने उक्त एक्ट की सेक्शन 13 (2) के तहत डिमांड नोटिस जारी की है व देनदारों को उन्हें जारी डिमांड नोटिस में कथित राशि चुकाने को कहा है . उक्त से संबंधित, देनदारों को एक बार फिर इस नोटिस प्रकाशन से 60 दिनों में भुगतान तिथि तक डिमांड नोटिस तिथि से आगे ब्याज सहित निम्न कथित राशि का भुगतान करने की नोटिस दी जाती है . देनदारों के वितरण डिमांड नोटिस तिथि पर बकाया राशि व लोन राशि के भुगतान के प्रति प्रस्तुत सिक्योरिटी के विवरण निम्न है-

देनदारों/गारंटरों का नाम	डिमांड नोटिस तिथि व राशि	सिक्योर्ड एसेट विवरण (अचल संपत्ति)
श्री देवेंद्र एलिया, श्रीमती ज्योति एलिया (प्रॉस्पेक्ट संख्या आईएल10042459 और आईएल10052779)	03-नवंबर-2025, रु.2809113/- (रु. अट्ठाईस लाख नौ हजार एक सौ तेरह मात्र) आईए10042459 के लिए और रु.1568212/- (रु. पंद्रह लाख अड़सठ हजार दो सौ बारह मात्र) आईएल10052779 के लिए	संपत्ति का पूरा टुकड़ा और हिस्सा- प्लॉट नंबर A-27 और A-28 (भाग), जो सर्वे नंबर 447 गांव जगनापुर, तहसील और जिला-ग्वालियर, म.प्र., भारत, पिन नंबर 474003 का एक हिस्सा है। क्षेत्रफल (वर्ग फुट में)- संपत्ति का प्रकार- भूमि क्षेत्र, कारपेट_क्षेत्र, निर्मित_क्षेत्र संपत्ति क्षेत्र- 1960.00, 1146.00, 1200.00 संपत्ति का पूरा टुकड़ा और हिस्सा- प्लॉट नंबर A-16 और A-17 पर घर, सर्वे नंबर 447 केवल गांव जगनापुरा वार्ड नंबर 7, ग्वालियर, म.प्र., भारत, 474003 क्षेत्रफल (वर्ग फुट में)- संपत्ति का प्रकार- भूमि_क्षेत्र, सुपर_निर्मित_क्षेत्र संपत्ति क्षेत्र- 1530.00, 1147.00
श्रीमती प्रियंका लोधी श्री अमृत लाल लोधी (प्रॉस्पेक्ट संख्या आईएल10383576)	03-नवंबर-2025, रु. 213062/- (रु. दो लाख तेरह हजार बांसठ मात्र)	संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा- यूनिट संख्या--2005 ईडब्ल्यूएस स्लम फ्लोर- 0, मानपुर गिर्द ग्वालियर में आवासीय टाउनशिप- ईडब्ल्यूएस स्लम केवल ग्वालियर, मध्य प्रदेश, भारत, पिन संख्या 474001 प्रवेश क्षेत्र (वर्ग फुट में)- संपत्ति प्रकार- बिक्री योग्य क्षेत्रफल, कालीन क्षेत्रफल संपत्ति क्षेत्रफल- 540.00, 375.00
श्री भावलेंद्र पटेल श्रीमती रूबी पटेल (प्रॉस्पेक्ट संख्या आईए10651842)	03-नवंबर-2025, रु. 546425/- (रु. पाँच लाख छियालीस हज़ार चार सौ पच्चीस मात्र)	संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा- सर्वे संख्या 1293, भूमि क्षेत्रफल 148.69 वर्ग मीटर, ग्राम ऐराई, जिला दतिया, मध्य प्रदेश, 475675, भारत में स्थित। क्षेत्र प्रवेश (वर्ग फुट में)- संपत्ति का प्रकार- भूमि क्षेत्रफल, निर्मित क्षेत्रफल, कारपेट एरिया, संपत्ति क्षेत्रफल- 1332.00, 1300.00, 1040.00
श्री नवनीत अहिरवार, श्री कोमल अहिरवार, श्रीमती रामलली अहिरवार, नवनीत कृषि फार्म (प्रॉस्पेक्ट संख्या आईएल10719556)	03-नवंबर-2025, रु. 527360/- (रु. पाँच लाख सताइस हज़ार तीन सौ साठ मात्र)	संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा और हिस्सा- पटवारी हल्का संख्या 38, खसरा संख्या 2388, वार्ड संख्या 19, मकान संख्या 1048, उदगवां, दतिया, म.प्र.- 475686 क्षेत्रफल (वर्ग फुट में)- संपत्ति का प्रकार- भूमि_क्षेत्र, कालीन_क्षेत्र संपत्ति क्षेत्रफल- 1330.00, 800.00
श्री लालाराम श्री माखन जाटव श्रीमती काशी जाटव श्रीमती लक्ष्मी, माखन ट्रैक्टर सर्विस (प्रोस्पेक्ट संख्या आईएल10713558)	03-नवंबर-2025, रु.46318/- (रुपये छियालीस हजार तीन सौ अट्ठारह मात्र)	संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा- पीएच नंबर 44, खसरा संख्या 11/74, मकान संख्या 227, वार्ड संख्या 18, मोहनगढ़, भितरवार, ग्वालियर, म.प्र.-474009 क्षेत्रफल माप (वर्ग फुट में)- संपत्ति का प्रकार- भूमि_क्षेत्र, कालीन_क्षेत्र संपत्ति क्षेत्रफल- 800.00, 784.00
श्री कामता प्रसाद कुशवाह श्री मनोज कुशवाह श्रीमती राजपति कुशवाह (प्रॉस्पेक्ट संख्या आईएल10719599)	03-नवंबर-2025, रु. 52273/- (रु. बावन हजार दो सौ तिहत्तर मात्र)	संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा और पार्सल- खसरा संख्या 243, पटवारी हल्का संख्या 65, क्षेत्रफल प्रवेश 1600 वर्ग फुट, ग्राम केवलारी, तहसील और जिला दतिया, मध्य प्रदेश, पिन संख्या 475661 क्षेत्रफल प्रवेश (वर्ग फुट में)- संपत्ति प्रकार- भूमि_क्षेत्र, कालीन_क्षेत्र संपत्ति क्षेत्रफल- 1600.00, 748.00
श्री अजमेर सिंह परिहार श्रीमती इंद्रा बाई (प्रॉस्पेक्ट संख्या आईएल10722031)	03-नवंबर-2025, रु. 617967/- (रु. छह लाख सत्रह हज़ार नौ सौ सड़सठ मात्र)	संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा- पटवारी हल्का संख्या 68, खसरा संख्या 447(एस), मकान संख्या 73, अकबई छोटी, डबरा, ग्वालियर, म.प्र.-475110 क्षेत्रफल माप (वर्ग फुट में)- संपत्ति का प्रकार- भूमि_क्षेत्र, निर्मित_क्षेत्र संपत्ति क्षेत्रफल- 3000.00, 2100.00
श्री दीपक सिंह राजपूत श्री धर्मेंद्र श्रीमती अर्चना राजपूत श्रीमती गीता (प्रॉस्पेक्ट संख्या आईएल10205537)	16-अक्टूबर-2025, रु. 744799/- (सात लाख चौवालीस हजार सात सौ निन्यानवे मात्र)	संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा- मकान संख्या 6396, सर्वेक्षण संख्या 85/मिन-1/के, 86, वार्ड संख्या पुराना 4 और नया 5, बुलबुलपुरा, शील नगर, ग्वालियर, मध्य प्रदेश - 474003 - भारत क्षेत्रफल माप (वर्ग फुट में)- संपत्ति का प्रकार- भूमि क्षेत्रफल, कालीन क्षेत्रफल, निर्मित क्षेत्रफल संपत्ति क्षेत्रफल- 480.00, 595.00, 700.00
श्री मलखान सिंह कुशवाह श्रीमती रानी कुशवाह (प्रॉस्पेक्ट संख्या आईएल10370866)	22-अक्टूबर-2025, रु. 421441/- (रु. चार लाख इक्कीस हजार चार सौ इकतालीस मात्र)	संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा- वार्ड क्रमांक 19, क्षेत्रफल 358 वर्ग फुट, कच्छी मोहल्ला, शिवपुरी, मध्य प्रदेश क्षेत्र में स्थित माप (वर्ग फुट में)- संपत्ति का प्रकार- भूमि क्षेत्रफल, निर्मित क्षेत्रफल, कालीन क्षेत्रफल, संपत्ति क्षेत्रफल- 358.00, 358.00, 288.00
श्री प्रमोद सिंह श्री दामोदर बघेल श्रीमती बीरवती प्रमोद दूध केंद्र एवं विक्रेता (प्रॉस्पेक्ट संख्या आईएल10404259)	22-अक्टूबर-2025, रु. 362488/- (रु. तीन लाख बांसठ हजार चार सौ अठासी मात्र)	संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा- खसरा संख्या 403 भूमि क्षेत्रफल 1200 वर्ग फुट, पटवारी हल्का संख्या 81, ग्राम जरावनी, तहसील- डबरा, जिला- ग्वालियर, मध्य प्रदेश, पिन संख्या 475110 क्षेत्रफल में स्थित माप (वर्ग फुट में)- संपत्ति का प्रकार- भूमि क्षेत्रफल, कालीन क्षेत्रफल, निर्मित क्षेत्रफल, संपत्ति क्षेत्रफल- 1200.00, 880.00, 1100.00 क्र
श्री जितेंद्र श्रीमती सुखदेवी जितेंद्र मिल्क सेंटर (प्रॉस्पेक्ट संख्या आईएल10410592)	22-अक्टूबर-2025, रु. 480295/- (रु. चार लाख अस्सी हज़ार दो सौ पिंच्यानवे मात्र)	संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा- खसरा संख्या 403, मकान संख्या 51, भूमि क्षेत्रफल 1200 वर्ग फुट, ग्राम जरावनी, तहसील- डबरा, जिला- ग्वालियर, मध्य प्रदेश, पिन संख्या 475110, भारत में स्थित। माप (वर्ग फुट में)- संपत्ति का प्रकार- भूमि क्षेत्रफल, कालीन क्षेत्रफल, निर्मित क्षेत्रफल, संपत्ति क्षेत्रफल- 1033.00, 800.00, 1000.00
श्री रजनीश शर्मा श्रीमती रक्षा शर्मा (प्रॉस्पेक्ट संख्या आईएल10439142)	13-अक्टूबर-2025, रु. 1932051/- (रु. उन्नीस लाख बत्तीस हज़ार इक्यावन मात्र)	संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा- प्लॉट संख्या 130 और प्लॉट संख्या 129 का एक भाग गुलाबपुरी कॉलोनी, फेज-2, वार्ड संख्या 61, क्रमांक 112, ग्राम-खुरैरी, परगना और जिला ग्वालियर, मध्य प्रदेश, पिन संख्या 474003 क्षेत्रफल माप (वर्ग फुट में)- संपत्ति का प्रकार- भूमि_क्षेत्र, कालीन_क्षेत्र, निर्मित_क्षेत्र संपत्ति क्षेत्रफल- 1000.00, 900.00, 1000.00
श्री लोकेंद्र सिंह श्री रामाधार श्रीमती वर्को (प्रॉस्पेक्ट संख्या आईएल10444691)	15-अक्टूबर-2025, रु. 733313/- (रु. सात लाख तैंतीस हजार तीन सौ तेरह मात्र)	संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा- पीएच नंबर 34, कार्यालय संख्या 1737/2 मिनट, 1797 मिनट, क्षेत्रफल 1200 वर्ग फुट, डबरा, ग्वालियर, मध्य प्रदेश-475110 में स्थित। क्षेत्रफल (वर्ग फुट में)- संपत्ति का प्रकार- भूमि_क्षेत्र, निर्मित_क्षेत्र, कालीन_क्षेत्र संपत्ति का क्षेत्रफल- 1200.00, 1000.00, 800.00
श्री विवेक सिंह श्रीमती ममता विवेक किराना स्टोर (प्रॉस्पेक्ट संख्या आईएल10464189)	24-अक्टूबर-2025, रु. 521733/- (रु. पांच लाख इक्कीस हजार सात सौ तैंतीस मात्र)	संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा- मकान संख्या 219, गाँव लुहारी, भितरवार, ग्वालियर, मध्य प्रदेश, 475220, भारत क्षेत्रफल माप (वर्ग फुट में)- संपत्ति का प्रकार- भूमि_क्षेत्र, कालीन_क्षेत्र, निर्मित_क्षेत्र संपत्ति क्षेत्रफल- 1800.00, 1400.00, 1750.00
श्रीमती उषा देवी, श्री भैय्यान साहू साहू दुग्ध केंद्र (प्रॉस्पेक्ट संख्या आईएल10491103)	17-अक्टूबर-2025, रु. 498179/- (रु. चार लाख अन्ठानवे हजार एक सौ उन्यासी मात्र)	संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा- पटवारी हल्का क्रमांक 3, मकान क्रमांक 74, वार्ड क्रमांक 06, क्षेत्रफल 1060 वर्ग फुट, स्थित ग्राम बमरौल, तहसील बड़ोनी, जिला दतिया, मध्य प्रदेश, 475685, भारत क्षेत्रफल (वर्ग फुट में)- संपत्ति का प्रकार- भूमि_क्षेत्रफल, निर्मित_उप_क्षेत्रफल, कालीन_क्षेत्रफल संपत्ति का क्षेत्रफल- 1060.00, 1000.00, 800.00
श्री भगत सिंह रावत श्रीमती गिरजा बाई रावत भगत डेयरी (प्रॉस्पेक्ट संख्या आईएल10513014)	16 अक्टूबर 2025, रु. 432357/- (रु. चार लाख बतीस हज़ार तीन सौ सत्तावन मात्र)	संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा- पटवारी हल्का संख्या 18, क्षेत्रफल 1000 वर्ग फुट, ग्राम नयागांव, तहसील भितरवार, जिला ग्वालियर, मध्य प्रदेश, 475220, भारत में स्थित क्षेत्रफल (वर्ग फुट में)- संपत्ति का प्रकार- भूमि_क्षेत्र, निर्मित_क्षेत्र, कालीन_क्षेत्र संपत्ति का क्षेत्रफल- 1000.00, 989.00, 700.00
श्री वीरेंद्र सिंह धाकड़ श्रीमती प्रेमलता धाकड़ (प्रॉस्पेक्ट संख्या आईएल10517831)	16-अक्टूबर-2025, रु. 335254/- (रु. तीन लाख पैंतीस हजार दो सौ चौवन मात्र)	संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा और हिस्सा- मकान की इकाई संपत्ति क्रमांक 3515/15, वार्ड क्रमांक 15, गणेश कॉलोनी (हरिजन बस्ती) में स्थित, क्षेत्रफल 600 वर्ग फुट, गाँव फतेपुर, तहसील और जिला शिवपुरी, मध्य प्रदेश, 473551, भारत में स्थित क्षेत्रफल (वर्ग फुट में)- संपत्ति का प्रकार- भूमि_क्षेत्र, निर्मित_क्षेत्र, कालीन_क्षेत्र, संपत्ति का क्षेत्रफल- 600.00, 600.00, 480.00
श्री राजेंद्र श्रीमती मिथलेश राजेंद्र डेयरी (प्रॉस्पेक्ट संख्या आईएल10524139)	16 अक्टूबर 2025, रु. 500795/- (रु. पाँच लाख सात सौ पिंच्यानवे मात्र)	संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा- पटवारी हल्का संख्या 86, क्षेत्रफल 1600 वर्ग फुट, ग्राम पंचमपुरा, ग्राम पंचायत बरसरी, तहसील सिटी सेंटर, जिला ग्वालियर, मध्य प्रदेश, 475002, भारत में स्थित है। क्षेत्रफल माप (वर्ग फुट में)- संपत्ति का प्रकार- भूमि क्षेत्रफल, निर्मित क्षेत्रफल, कालीन क्षेत्रफल, संपत्ति क्षेत्रफल- 1600.00, 1200.00, 960.00
श्री अमूल सिंह रावत, श्रीमती मालती रावत अमूल सिंह दुग्ध केंद्र (प्रॉस्पेक्टसंख्या आईएल10539361)	24-अक्टूबर-2025, रु. 377027/- (रु. तीन लाख सतहत्तर हज़ार सत्ताईस मात्र)	संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा और हिस्सा- पटवारी हल्का संख्या 01, वार्ड संख्या 01, मकान संख्या 03, पुलिस स्टेशन के सामने, गाँव गोरा, तहसील दतिया, जिला दतिया, मध्य प्रदेश, 475685 - भारत क्षेत्रफल माप (वर्ग फुट में)- संपत्ति का प्रकार- भूमि_क्षेत्र, कालीन_क्षेत्र, निर्मित_क्षेत्र संपत्ति क्षेत्रफल- 1925.00, 1240.00, 1550.00
श्रीमती क्रांति कुशवाह श्री रामहजूर कुशवाह (प्रॉस्पेक्ट संख्या आईएल10559780)	24-अक्टूबर-2025, रु. 427514/- (रु. चार लाख सत्ताइस हज़ार पाँच सौ चौदह मात्र)	संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा- पटवारी हलका संख्या 33, वार्ड संख्या 19, मकान संख्या 234, क्षेत्रफल 1200 वर्ग फुट, ग्राम समवरी, तहसील इंदरगढ़, जिला दतिया, मध्य प्रदेश क्षेत्रफल (वर्ग फुट में)- संपत्ति का प्रकार- भूमि_क्षेत्र, निर्मित_क्षेत्र, कारपेट_क्षेत्र संपत्ति का क्षेत्रफल- 1200.00, 1150.00, 920.00
श्री भान सिंह श्रीमती भारती (प्रॉस्पेक्ट संख्या आईएल10563843)	24-अक्टूबर-2025, रु. 518887/- (रु. पाँच लाख अट्ठारह हज़ार आठ सौ सतासी मात्र)	संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा- पीएच नं. 25, वार्ड संख्या 14, मकान संख्या 176, क्षेत्रफल 1100 वर्ग फुट, ग्राम इकहरा में स्थित, डबरा, ग्वालियर, मध्य प्रदेश क्षेत्र प्रवेश (वर्ग फुट में)- संपत्ति का प्रकार- भूमि_क्षेत्र, निर्मित_क्षेत्र, कारपेट क्षेत्र संपत्ति क्षेत्र- 1100.00, 800.00, 640.00
श्री मलकीत सिंह श्रीमती लखविंदर कौर (प्रॉस्पेक्ट संख्या आईएल10573431)	24-अक्टूबर-25, रु. 442597.04/- (रु. चार लाख बयालीस हजार पाँच सौ सत्तानवे मात्र)	संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा जो पटवारी हल्का संख्या 38, वार्ड संख्या 8, मकान संख्या 93, क्षेत्रफल प्रवेश 2400 वर्ग फुट, ग्राम दूनी, तहसील भितरवार, जिला ग्वालियर, मध्य प्रदेश क्षेत्रफल प्रवेश (वर्ग फुट में) संपत्ति का प्रकार- भूमि क्षेत्रफल, निर्मित क्षेत्रफल, कारपेट एरिया संपत्ति क्षेत्रफल 2400.00, 1100.00, 880.00
श्री राजू श्रीमती लक्ष्मी यादव (प्रॉस्पेक्ट संख्या आईएल10576569)	24-अक्टूबर-2025, रु. 547935/- (रु. पाँच लाख सैंतालीस हज़ार नौ सौ पैंतीस मात्र)	संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा- पीएच नं. 69, वार्ड संख्या 04, मकान संख्या 13, क्षेत्रफल 2500 वर्ग फुट, ग्राम कल्याण पुरा, दतिया, मध्य प्रदेश में स्थित। क्षेत्र प्रवेश (वर्ग फुट में)- संपत्ति का प्रकार- भूमि क्षेत्रफल, निर्मित क्षेत्रफल, कारपेट एरिया। संपत्ति क्षेत्रफल- 2500.00, 1500.00, 1200.00
श्री नरेंद्र जोशी श्रीमती जनक किशोरी (प्रॉस्पेक्ट संख्या आईएल10584362)	25-अक्टूबर-2025, रु. 536990/- (रु. पाँच लाख छत्तीस हज़ार नौ सौ नब्बे मात्र)	संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा और पार्सल, जो पटवारी हल्का संख्या 84, वार्ड संख्या 4, मकान संख्या 54, प्रवेश क्षेत्र 1500 वर्ग फुट, ग्राम इकारा, तहसील दतिया, जिला दतिया, मध्य प्रदेश प्रवेश क्षेत्र (वर्ग फुट में)- संपत्ति का प्रकार- भूमि क्षेत्रफल, निर्मित क्षेत्रफल, कारपेट एरिया, संपत्ति क्षेत्रफल- 1500.00, 1200.00, 960.00
श्री गौतम कुमार विश्वकर्मा श्री मिथलेश विश्वकर्मा श्रीमती भगवानदास विश्वकर्मा गौतम के किराना स्टोर एवं दूध डेयरी (प्रॉस्पेक्ट संख्या आईएल10603260)	27-अक्टूबर-2025, रु. 534111/- (रु. पाँच लाख चौंतीस हजार एक सौ ग्यारह मात्र)	संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा- पटवारी हल्का संख्या 64, वार्ड संख्या 4, मकान संख्या 136, ग्राम सरसई, तहसील भांडेर, जिला दतिया, मध्य प्रदेश, 475671, भारत में स्थित। क्षेत्रफल (वर्ग फुट में)- संपत्ति का प्रकार- भूमि_क्षेत्र, निर्मित_क्षेत्र, कालीन_क्षेत्र संपत्ति क्षेत्रफल- 900.00, 900.00, 720.00
श्री आलम खान, श्रीमती रहमान (प्रॉस्पेक्ट संख्या आईएल10631337)	28-अक्टूबर-2025, रु. 319374/- (रु. तीन लाख उन्नीस हज़ार तीन सौ चौहत्तर मात्र)	संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा- पटवारी हल्का संख्या 18, वार्ड संख्या 7, मकान संख्या 89, ग्राम दौलतपुर, तहसील चिनोर, जिला ग्वालियर, मध्य प्रदेश, 475220, भारत में स्थित। क्षेत्रफल (वर्ग फुट में)- संपत्ति का प्रकार- भूमि_क्षेत्र, निर्मित_क्षेत्र, कालीन_क्षेत्र संपत्ति का क्षेत्रफल- 400.00, 400.00, 320.00
श्री प्रताप सिंह कैवत श्रीमती पुक्खो (प्रॉस्पेक्ट संख्या आईएल10635903)	27-अक्टूबर-2025, रु. 418333/- (रु. चार लाख अट्ठारह हज़ार तीन सौ तैंतीस मात्र)	संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा- संपत्ति संख्या 128, पटवारी हल्का संख्या 2, मकान संख्या 2, ग्राम डंगरा में स्थित कुआ, तहसील वडोनी, जिला दतिया, मध्य प्रदेश, 475686, भारत क्षेत्रफल माप (वर्ग फुट में)- संपत्ति का प्रकार- भूमि_क्षेत्र, निर्मित_क्षेत्र, कालीन_क्षेत्र संपत्ति क्षेत्रफल- 737.00, 497.00, 390.00
श्री सुरेश पाल, श्री कृष्ण पाल श्रीमती हरकुवर पाल (प्रॉस्पेक्ट संख्या आईएल10666505)	27-अक्टूबर-2025, रु. 494329/- (रु. चार लाख चौरानवे हजार तीन सौ उनतीस मात्र)	संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा- पटवारी हल्का संख्या 27, मकान संख्या 62, ग्राम गांधारी, तहसील दतिया, जिला दतिया, मध्य प्रदेश, 475661, भारत में स्थित। क्षेत्रफल (वर्ग फुट में)- संपत्ति का प्रकार- भूमि_क्षेत्रफल, कालीन_क्षेत्रफल संपत्ति का क्षेत्रफल- 1500.00, 1100.00
श्री उमाचरण साहू श्रीमती बबीता साहू (प्रॉस्पेक्ट संख्या आईएल10838555)	27-अक्टूबर-2025, रु. 521856/- (रु. पाँच लाख इक्कीस हज़ार आठ सौ छप्पन मात्र)	संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा जो पटवारी हल्का संख्या 108 है, वार्ड संख्या 4, मकान संख्या 48, खसरा संख्या 873, ग्राम इकारा में स्थित है, तहसील दतिया, जिला दतिया, मध्य प्रदेश, 475671, भारत क्षेत्र प्रवेश (वर्ग फुट में)- संपत्ति का प्रकार- भूमि_क्षेत्रफल, कालीन_क्षेत्र, संपत्ति का क्षेत्रफल- 1600.00, 1150.00
श्री पतिराम जाटव श्रीमती जसोदा जाटव (प्रॉस्पेक्ट संख्या आईएल10707512)	27-अक्टूबर-2025, रु. 447832/- (रु. चार लाख सैंतालीस हज़ार आठ सौ बत्तीस मात्र)	संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा- पटवारी हल्का संख्या 03, वार्ड संख्या 01, मकान संख्या 14, खसरा संख्या 215, ग्राम बामरोल में स्थित, तहसील दतिया, जिला दतिया, मध्य प्रदेश, 475685, भारत क्षेत्रफल प्रवेश (वर्ग फुट में)- संपत्ति का प्रकार- भूमि_क्षेत्रफल, कालीन_क्षेत्र संपत्ति का क्षेत्रफल- 1075.00, 881.00
श्री अशोक यादव श्रीमती कांति यादव (प्रॉस्पेक्ट संख्या आईएल10734696)	28-अक्टूबर-2025, रु. 485068/- (रु. चार लाख पिच्यासी हज़ार अड़सठ मात्र)	संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा- पटवारी हल्का संख्या 22, खसरा संख्या 188, वार्ड संख्या 04, मकान संख्या 86, गाँव बिदानिया, तहसील दतिया, जिला दतिया, मध्य प्रदेश, 475661, भारत में स्थित। क्षेत्रफल माप (वर्ग फुट में)- संपत्ति का प्रकार- भूमि_क्षेत्र, कालीन_क्षेत्र संपत्ति का क्षेत्रफल- 3840.00, 1600.00
श्री लक्ष्मण सिंह श्री माया राम श्रीमती रामबेटी (प्रॉस्पेक्ट संख्या आईएल10742238)	28-अक्टूबर-2025, रु. 442040/- (रु. चार लाख बयालीस हजार चालीस मात्र)	संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा- पटवारी हल्का संख्या 86, खसरा संख्या 384(एस), ग्राम पंचमपुरा, तहसील सिटी सेंटर, जिला ग्वालियर, मध्य प्रदेश, 475002, भारत में स्थित। प्रवेश क्षेत्र (वर्ग फुट में)- संपत्ति प्रकार- भूमि_क्षेत्र, कालीन_क्षेत्र संपत्ति क्षेत्र- 2375.00, 980.00
श्री भरत सिंह यादव श्रीमती गुड्डी (प्रॉस्पेक्ट संख्या आईएल10743813)	28-अक्टूबर-2025, रु. 513827/- (रु. पाँच लाख तेरह हज़ार आठ सौ सताईस मात्र)	संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा और पार्सल, जो पटवारी हल्का संख्या 20, खसरा संख्या 289, मकान संख्या 46, ग्राम धीरोली, तहसील चिनौर, जिला ग्वालियर, मध्य प्रदेश - 475110 - भारत है। क्षेत्र प्रवेश (वर्ग फुट में) संपत्ति का प्रकार- भूमि_क्षेत्रफल, कालीन_क्षेत्रफल, निर्मित_क्षेत्रफल संपत्ति का क्षेत्रफल- 15300.00, 1200.00, 1468.00
श्रीमती मीरा देवी पथरोलिया श्री गौरव पथरोलिया (प्रॉस्पेक्ट संख्या आईएल10797601)	13-अक्टूबर-2025, रु. 1177404/- (रु. ग्यारह लाख सतहत्तर हज़ार चार सौ चार मात्र)	संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा- प्लॉट संख्या 142, श्री गणेश कॉलोनी फेज-2, सर्वे संख्या 75/1/1 और 75/1/2, वार्ड संख्या 66, ग्राम-बरुआ पिछोर, तहसील और जिला-ग्वालियर, मध्य प्रदेश, पिन संख्या 474003 क्षेत्रफल माप (वर्ग फुट में)- संपत्ति का प्रकार- भूमि_क्षेत्र, कालीन_क्षेत्र, निर्मित_क्षेत्र- संपत्ति क्षेत्र- 800.00, 450.00, 500.00
श्री राममिलन यादव श्रीमती सरोज कुमारी यादव (प्रॉस्पेक्ट संख्या आईएल10784528)	27-अक्टूबर-2025, रु. 532985/- (रु. पाँच लाख बतीस हजार नौ सौ पिच्यासी मात्र)	संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा- पटवारी हल्का संख्या 38, मकान संख्या 206, वार्ड संख्या 07, खसरा संख्या 2315, दतिया, मध्य प्रदेश - 475686 - भारत में स्थित है। क्षेत्रफल (वर्ग फुट में)- संपत्ति का प्रकार- भूमि_क्षेत्रफल, कालीन_क्षेत्र, संपत्ति का क्षेत्रफल- 2216.00, 1000.00
श्री शिशुपाल श्रीमती सुधा (प्रॉस्पेक्ट संख्या आईएल10834055)	28-अक्टूबर-2025, रु. 478658/- (रु. चार लाख अठहत्तर हजार छह सौ अट्ठावन मात्र)	संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा- पीएच नं. 50, खसरा संख्या 966, ग्राम वगपुरा, इंदरगढ़, दतिया, मध्य प्रदेश - 475675 - भारत में स्थित क्षेत्रफल (वर्ग फुट में)- संपत्ति का प्रकार- भूमि_क्षेत्रफल, कालीन_क्षेत्रफल संपत्ति का क्षेत्रफल- 1250.00, 1200.00
श्री देवेंद्र सिंह यादव श्रीमती संगीता यादव (प्रॉस्पेक्ट संख्या आईएल10835220)	27-अक्टूबर-2025, रु. 505320/- (रु. पाँच लाख पाँच हज़ार तीन सौ बीस मात्र)	संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा- पीएच नंबर 16, खसरा संख्या 648, ग्राम गोंडन, मंडेर, दतिया, मध्य प्रदेश - 475336 - भारत में स्थित क्षेत्रफल (वर्ग फुट में)- संपत्ति का प्रकार- भूमिद्विक्षेत्रफल, कालीन_क्षेत्रफल संपत्ति का क्षेत्रफल- 1128.00, 1100.00
श्री सुरेश श्री मायाराम पाल श्रीमती प्रीति पाल (प्रॉस्पेक्ट संख्या आईएल10848880)	27-अक्टूबर-2025, रु. 505374/- (रु. पाँच लाख पाँच हज़ार तीन सौ चौहत्तर मात्र)	संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा और पार्सल- पटवारी हल्का संख्या 54, खसरा संख्या 1141, वार्ड संख्या 6, मकान संख्या 32, गाँव रौनीजा, तहसील नरवर, जिला शिवपुरी, मध्य प्रदेश - 473662 - भारत क्षेत्रफल (वर्ग फुट में)- संपत्ति का प्रकार- भूमि_क्षेत्रफल, कालीन_क्षेत्रफल, निर्मित_क्षेत्रफल संपत्ति का क्षेत्रफल- 1200.00, 1000.00, 400.00
श्री कैलाशचंद जाटव श्री सचिन जाटव श्रीमती राजकुमारी जाटव (प्रॉस्पेक्ट संख्या आईएल10885008)	27-अक्टूबर-2025, रु. 405016/- (रु. चार लाख पाँच हज़ार सोलह मात्र)	संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा- प्लॉट संख्या 199, खसरा संख्या 351, ग्राम खैरोनाघाट, तहसील इंदगढ़, जिला दतिया, मध्य प्रदेश - 475675 - भारत क्षेत्रफल माप (वर्ग फुट में)- संपत्ति का प्रकार- भूमि_क्षेत्रफल, कालीन_क्षेत्र संपत्ति का क्षेत्रफल- 1135.00, 900.00
श्री द्वारका प्रसाद बघेल श्रीमती गिरीशा (प्रॉस्पेक्ट संख्या आईएल10608315)	27/10/2025, रु. 554166/- (रु. पाँच लाख चौवन हज़ार एक सौ छियासठ मात्र)	संपत्ति का वह पूरा हिस्सा पीएच नं. 06, यूनिट 03, राजन का पुरा है। ग्राम चिरुली, डबरा, ग्वालियर, मध्य प्रदेश-475005, भारत में स्थित है। प्रवेश क्षेत्र (वर्ग फुट में)- संपत्ति का प्रकार- भूमि_क्षेत्र, कालीन_क्षेत्र, निर्मित_क्षेत्र संपत्ति क्षेत्र- 4000.00, 960.00, 1200.00

यदि उक्त देनदार आईआईएफएल एचएफएल को उक्त भुगतान नहीं करते हैं तो वह देनदारों के पूरी तरह से जोखिम, लागत व नतीजों पर उक्त एक्ट की सेक्शन 13 (4) व लागू नियमों के तहत उक्त सिक्योर्ड एसेट के विरुद्ध कार्यवाही कर सकते हैं . विवरण हेतु संपर्क प्रा . अधिकारी, **ब्रांच आफिस :** डी-1, ग्राउंड फ्लोर, बसंत विहार, ग्वालियर-474002 या **कार्पोरेट ऑफिस :** आईआईएफएल टॉवर, प्लाट नं . 98, उद्योग विहार, फेस- IV गुड़गांव, हरियाणा .

स्थान : ग्वालियर
दिनांक : 13.11.2025

प्रा . अधिकारी
कृते आईआईएफएल होम फाइनेंस लि .